अध्याय 10

# सरल रेखाएँ

## 10.1 समग्र अवलोकन (Overviews)

### 10.1.1 *रेखा की ढाल (Slope of a line)*

यदि कोई रेखा $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ वामावर्त दिशा में कोण θ बनाती है, तो tan θ का मान रेखा की ढाल कहलाता है और इसे $m$ से निर्दिष्ट करते हैं।

बिंदु $P(x_1, y_1)$ तथा $Q(x_2, y_2)$ से गुजरने वाली रेखा का ढाल

$$m = \tan\theta = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}$$ से प्राप्त होता है।

**10.1.2** ***दो रेखाओं के बीच का कोण (Angle between two lines):-*** दो रेखाएँ, जिनके ढाल $m_1$ तथा $m_2$ हैं, के बीच का कोण θ हमें

$$\tan\theta = \pm\frac{(m_1 - m_2)}{1 + m_1 m_2}$$ से प्राप्त होता है।

यदि रेखाएँ समांतर हैं, तो $m_1 = m_2$.

यदि रेखाएँ एक दूसरे पर लंब है, तो $m_1 m_2 = -1$.

**10.1.3** ***तीन बिंदुओं की सरेखता (Collinearity of three points):-*** यदि तीन बिंदु P $(h, k)$, Q $(x_1, y_1)$ एवं R $(x_2, y_2)$ इस प्रकार हैं कि PQ का ढाल = QR का ढाल अर्थात् $\frac{y_1 - k}{x_1 - h} = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}$

अथवा $(h - x_1)(y_2 - y_1) = (k - y_1)(x_2 - x_1)$ तब वे तीनों बिंदु संरेख कहलाते हैं।

### 10.1.4 *रेखा के समीकरण के विविध रूप (Various forms of the equation of a line)*

(i) यदि कोई रेखा $x$-अक्ष के समांतर एवं $a$ दूरी पर स्थित है, तब रेखा का समीकरण $y = \pm a$ होता है।

(ii) यदि कोई रेखा $y$-अक्ष के समांतर है एवं $y$ अक्ष से $b$ दूरी पर है, तो रेखा का समीकरण $x = \pm b$ होता है।

(iii) बिंदु-ढाल रूप : बिंदु $(x_0, y_0)$ से गुजरने वाली रेखा, जिसकी ढाल $m$ हो, उसका समीकरण $y - y_0 = m(x - x_0)$ से प्राप्त होता है।

© NCERT not to be republished

(iv) दो–बिंदु रूप : दो बिंदुओं $(x_1, y_1)$ तथा $(x_2, y_2)$ से गुजरने वाली रेखा का समीकरण

$y - y_1 = \dfrac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)$ होता है।

(v) ढाल–अंत: खंड रूप : $y$-अक्ष पर अंत:खंड $c$ काटने तथा ढाल $m$ वाली रेखा का समीकरण $y = mx + c$ है। ध्यान दीजिए कि $c$ का मान धनात्मक अथवा ऋणात्मक होगा यदि $y$-अक्ष पर अंत:खंड क्रमश: धनात्मक अथवा ऋणात्मक भाग पर बना है।

(vi) अंत: खंड रूप: $x$- अक्ष एवं $y$-अक्ष पर क्रमश: $a$ तथा $b$ अंत:खंड बनाने वाली रेखा का समीकरण $\dfrac{x}{a}+\dfrac{y}{b}=1$

(vii) अभिलम्ब रूप: मान लीजिए कि निम्नलिखित आंकड़ों वाली एक रेखा जो ऊर्ध्वाधर नहीं है,

(a) मूल बिंदु से रेखा पर खींचे गये लंब की लंबाई $p$

(b) अभिलम्ब द्वारा $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ बनाया गया कोण $\omega$,

तब रेखा का समीकरण $x \cos \omega + y \sin \omega = p$ है।

### 10.1.5 *रेखा का व्यापक समीकरण*

$Ax + By + C = 0$ के रूप वाला समीकरण जहाँ A और B एक साथ शून्य नहीं हैं, रेखा का व्यापक समीकरण कहलाता है।

**$Ax + By + C = 0$ के विभिन्न रूप:**

रेखा के व्यापक रूप को विभिन्न रूपों में परिवर्तित किया जा सकता है, जैसा कि नीचे दिया हुआ है:

(i) ढाल–अंत:खंड रूप : यदि $B \neq 0$, तब $Ax + By + C = 0$ को

$y=\dfrac{-A}{B}x+\dfrac{-C}{B}$ अथवा $y = mx + c$ जहाँ $m=\dfrac{-A}{B}$ तथा $c=\dfrac{-C}{B}$ के रूप में लिखा जा सकता है।

यदि $B = 0$, तब $x = \dfrac{-C}{A}$ यह एक उर्ध्वाधर रेखा है जिसकी ढाल अपरिभाषित है और $x$-अंत:खंड $\dfrac{-C}{A}$ है।

(ii) अंत:खंड रूप: यदि $C \neq 0$, तब $Ax + By + C = 0$ को, $\dfrac{x}{\frac{-C}{A}} + \dfrac{y}{\frac{-C}{B}} = 1$ अथवा $\dfrac{x}{a}+\dfrac{y}{b}=1$,

जहाँ $a = \frac{-C}{A}$ तथा $b = \frac{-C}{B}$ के रूप में लिखा जा सकता है।

यदि C = 0, तब $Ax + By + C = 0$ को $Ax + By = 0$ के रूप में लिखा जा सकता है। यह एक ऐसी रेखा का समीकरण है जो मूल बिंदु से गुजरती है और इसलिए दोनों अक्षों पर इसके अंत:खंड शून्य हैं।

(iii) अभिलम्ब रूप: समीकरण $Ax + By + C = 0$ का अभिलम्ब रूप

$x \cos \omega + y \sin \omega = p$ है जहाँ

$$\cos \omega = \pm \frac{A}{\sqrt{A^2 + B^2}}, \sin \omega = \pm \frac{B}{\sqrt{A^2 + B^2}} \text{ एवं } p = \pm \frac{C}{\sqrt{A^2 + B^2}} \text{ हैं।}$$

[*टिप्पणी : यहाँ पर चिह्नों के उचित चयन की आवश्यकता है ताकि* $p$ *हमेशा धनात्मक रहें।*]

### 10.1.6 *एक बिंदु की रेखा से दूरी:*

बिंदु $P(x_1, y_1)$ की रेखा $Ax + By + C = 0$ से लंबवत् दूरी (अथवा दूरी), $d = \frac{|Ax_1 + By_1 + C|}{\sqrt{A^2 + B^2}}$ होती है।

**दो समांतर रेखाओं के बीच की दूरी**

दो समांतर रेखाओं $y = mx + c_1$ एवं $y = mx + c_2$ के बीच की दूरी $d = \frac{|c_1 - c_2|}{\sqrt{1 + m^2}}$ होती है।

### 10.1.7 *बिंदुपथ एवं बिंदुपथ का समीकरण*

किन्हीं दी हुई शर्तों के अंतर्गत किसी बिंदु के भ्रमण से बना हुआ वक्र, उस बिंदु का बिंदुपथ कहलाता है। निर्देशांक $(h, k)$, वाले बिंदु P का बिंदुपथ ज्ञात करने के लिए $h$ एवं $k$ को सम्मिलित करने वाली शर्त की अभिव्यक्ति कीजिए। यदि कोई चर है तो उसे विलुप्त कीजिए और P का बिंदुपथ ज्ञात करने के लिए अंत में $h$ को $x$ से एवं $k$ को $y$ से प्रतिस्थापित कीजिए।

**10.1.8** ***दो रेखाओं का प्रतिच्छेदन:*** दो रेखाएँ $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ एवं $a_2x + b_2y + c_2 = 0$

(i) प्रतिच्छेद करती हैं, यदि $\frac{a_1}{a_2} \neq \frac{b_1}{b_2}$

(ii) समांतर एवं भिन्न-भिन्न होती हैं, यदि $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} \neq \frac{c_1}{c_2}$

(iii) संपाती होती हैं, यदि $\frac{a_1}{a_2}=\frac{b_1}{b_2}=\frac{c_1}{c_2}$

*टिप्पणी:*

- बिंदु $(x_1, y_1)$ एवं $(x_2, y_2)$ किसी रेखा $ax + by + c = 0$ के एक ही दिशा या विपरीत दिशाओं में स्थित होते हैं यदि $ax_1 + by_1 + c$ एवं $ax_2 + by_2 + c$ के चिह्न क्रमशः समान अथवा विपरीत होते हैं।
- दो रेखाएँ $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ एवं $a_2x + b_2y + 2 = 0$ एक दूसरे पर लंब होती हैं यदि $a_1a_2 + b_1b_2 = 0$.
- दो रेखाएँ $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ एवं $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ के प्रतिच्छेद बिंदु से गुजरने वाली किसी रेखा का समीकरण $a_1x + b_1y + c_1 + k(ax_2 + by_2 + c_2) = 0$ है। $k$ का मान प्रश्न में दी हुई अतिरिक्त शर्त का उपयोग करते हुए ज्ञात किया जाता है।

## 10.2 हल किए हुए उदाहरण

### लघु उत्तरीय उदाहरण (S.A.)

**उदाहरण 1** बिंदु (2, 3) से गुजरने वाली तथा $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ 30° का कोण बनाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**हल** यहाँ दी हुई रेखा का ढाल $m = \tan\theta = \tan 30° = \frac{1}{\sqrt{3}}$ है तथा दिया हुआ बिंदु (2, 3) है। इसलिए बिंदु–ढाल सूत्र के उपयोग से रेखा का समीकरण

$y - 3 = \frac{1}{\sqrt{3}}(x - 2)$ अथवा $x - \sqrt{3y} + (3\sqrt{3} - 2) = 0$ प्राप्त होता है।

**उदाहरण 2** एक ऐसी रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जिसके ऊपर मूल बिंदु से खींचे गये लम्ब–खंड की लंबाई 4 इकाई है और लंब खंड का धनात्मक $x$-अक्ष के साथ झुकाव 30° है।

**हल** रेखा के समीकरण का लंब रूप $x\cos\omega + y\sin\omega = p$ है। यहाँ $p = 4$ and $\omega = 30°$

इसलिए दी हुई रेखा का समीकरण

$x\cos 30° + y\sin 30° = 4$ है।

$x\frac{\sqrt{3}}{2} + y\frac{1}{2} = 4$ अथवा $\sqrt{3}x + y = 8$

**उदाहरण 3** सिद्ध कीजिए कि प्रत्येक सरल रेखा का समीकरण $Ax + By + C = 0$ के रूप में होता है जहाँ A, B तथा C अचर हैं।

**हल** कोई दी हुई सरल रेखा या तो $y$-अक्ष को काटती है या $y$-अक्ष के समांतर होती है या $y$-अक्ष के समांती होती है। हम जानते है कि $y$-अक्ष को काटने वाली (जिसका $y$ अंतः खंड होता है) रेखा

© NCERT not to be republished

का समीकरण $y = mx + b$ के रूप का होता है। इसके अतिरिक्त यदि रेखा $y$-अक्ष के समांतर या संपाती है तो इसका समीकरण $x = x_1$ के रूप का होता है, जहाँ संपाती होने की स्थिति में $x_1 = 0$ लिया जाता है। ये दोनों ही समीकरण प्रश्न में दिये हुए समीकरण के रूप में सन्निहित हैं अतः इस प्रकार वांछित परिणाम सिद्ध हो जाता है।

**उदाहरण 4** रेखा $x + y + 7 = 0$ पर लम्ब एवं बिन्दु (1, 2) से जाने वाले रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए कि रेखा $x + y + 7 = 0$ पर लम्ब जिस रेखा का समीकरण ज्ञात करना है उसका ढाल $m$ है। दी हुई रेखा $y = (-1)\,x - 7$ का ढाल $-1$ है। इसलिए रेखाओं के लम्ब होने की शर्त का उपयोग करते हुए हम $m \times (-1) = -1$ या $m = 1$ (क्यों) प्राप्त करते हैं।

इस प्रकार रेखा का वांछित समीकरण $y - 1 = (1)\,(x - 2)$ या $y - 1 = x - 2$ या $x - y - 1 = 0$ है।

**उदाहरण 5** रेखा $3x + 4y = 9$ एवं $6x + 8y = 15$ के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

**हल** रेखा $3x + 4y = 9$ एवं $6x + 8y = 15$ के समीकरणों को पुनः

$3x + 4y - 9 = 0$ एवं $3x + 4y - \dfrac{15}{2} = 0$ के रूप में लिखा जा सकता है।

क्योंकि इन रेखाओं का ढाल एक समान है और इसलिए ये एक दूसरे के समांतर हैं। इसलिए इन रेखाओं के बीच की दूरी

$$\left|\frac{9 - \frac{15}{2}}{\sqrt{3^2 + 4^2}}\right| = \frac{3}{10} \text{ है।}$$

**उदाहरण 6** सिद्ध कीजिए कि चर रेखा $x \cos\alpha + y \sin\alpha = p$ का अक्षों के बीच की दूरी के मध्य बिंदु का बिंदुपथ $\dfrac{1}{x^2} + \dfrac{1}{y^2} = \dfrac{4}{p^2}$ है जहाँ $p$ एक अचर है।

**हल** दी हुई रेखा के समीकरण को अंत:खंड रूप में परिवर्तित करने पर हम $\dfrac{x}{\frac{p}{\cos\alpha}} + \dfrac{y}{\frac{p}{\sin\alpha}} = 1$ प्राप्त करते हैं। यह रेखा $x$-अक्ष एवं $y$-अक्ष को जिन बिंदुओं पर काटती है उनके निर्देशांक क्रमशः $\left(\dfrac{p}{\cos\alpha}, 0\right)$ एवं $\left(0, \dfrac{p}{\sin\alpha}\right)$ प्राप्त होते हैं।

मान लीजिए, बिंदुओं $\left(\dfrac{p}{\cos\alpha}, 0\right)$ एवं $\left(0, \dfrac{p}{\sin\alpha}\right)$ को मिलाने वाले रेखाखंड का मध्य बिंदु $(h, k)$ है।

© NCERT not to be republished

तब $h = \dfrac{p}{2\cos\alpha}$ एवं $k = \dfrac{p}{2\sin\alpha}$ (क्यों)

$\cos\alpha = \dfrac{p}{2h}$ एवं $\sin\alpha = \dfrac{p}{2k}$

दोनों ओर वर्ग करके जोड़ने पर


$\dfrac{p^2}{4h^2} + \dfrac{p^2}{4k^2} = 1$ या $\dfrac{1}{h^2} + \dfrac{1}{k^2} = \dfrac{4}{p^2}$

इसलिए वांछित बिंदु पथ $\dfrac{1}{x^2} + \dfrac{1}{y^2} = \dfrac{4}{p^2}$ है।

**उदाहरण 7** यदि दो बिंदुओं A(2, 0) तथा B(3, 1) को मिलाने वाली रेखा को वामावर्त दिशा में A के इर्द-गिर्द 15° के कोण से घुमाया जाता है। रेखा का नई अवस्था में समीकरण ज्ञात कीजिए।

**हल:** रेखा AB का ढाल $\dfrac{1-0}{3-2} = 1$ अथवा 45° है (क्यों) (आकृति को देखिए)

15° से घुमाने के बाद नई अवस्था में रेखा AC का ढाल $\tan 60° = \sqrt{3}$ है।




**आकृति 10.1**

इसलिए नई रेखा AC का समीकरण

$y - 0 = \sqrt{3}(x-2)$ अथवा $y - \sqrt{3}x + 2\sqrt{3} = 0$ है।

## दीर्घ उत्तरीय उदाहरण (L.A.)

**उदाहरण 8** यदि बिंदु A(3, 2) से जाने वाली रेखा का ढाल $\frac{3}{4}$ है, तो रेखा पर बिंदु A से 5 इकाई की दूरी पर स्थित बिंदु ज्ञात कीजिए।

**हल** बिंदु (3, 2) से जाने वाली एवं ढाल (slope) $\frac{3}{4}$ वाली रेखा का समीकरण

$$y - 2 = \frac{3}{4}(x - 3)$$

या $4y - 3x + 1 = 0$ है (1)

मान लीजिए कि बिंदु $(h, k)$ रेखा पर इस प्रकार है कि

$$(h - 3)^2 + (k - 2)^2 = 25 \quad (2) \quad \text{(क्यों)}$$

और

$$4k - 3h + 1 = 0 \text{ भी प्राप्त है} \quad (3) \quad \text{(क्यों)}$$

अथवा $$k = \frac{3h-1}{4} \quad (4)$$

$k$ का मान (2) में रखने पर

$$25h^2 - 150h - 175 = 0 \quad \text{(कैसे?)}$$

या $$h^2 - 6h - 7 = 0$$

या $$(h + 1)(h - 7) = 0 \Rightarrow h = -1, h = 7$$

$h$ के इन मानों को (4) में रखने पर हम $k = -1$ और $k = 5$ प्राप्त करते हैं। इसलिए वांछित बिंदुओं के निर्देशांक (–1, –1) या (7, 5) हैं।

**उदाहरण 9** रेखा $5x - 6y - 1 = 0$ एवं $3x + 2y + 5 = 0$ के प्रतिच्छेद बिंदु से जाने वाली अन्य रेखा $3x - 5y + 11 = 0$ पर लम्ब उस सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**हल** सर्वप्रथम हम रेखा $5x - 6y - 1 = 0$ एवं $3x + 2y + 5 = 0$ का प्रतिच्छेद बिंदु ज्ञात करते हैं जो कि (– 1, – 1) है। साथ ही रेखा $3x - 5y + 11 = 0$ का ढाल $\frac{3}{5}$ है। इसलिए इस रेखा पर लम्ब उस रेखा का ढाल $\frac{-5}{3}$ है (क्यों)? अतः वांछित रेखा का समीकरण

$$y + 1 = \frac{-5}{3}(x + 1)$$

या $$5x + 3y + 8 = 0 \text{ है।}$$

**विकल्पः** रेखा $5x - 6y - 1 = 0$ एवं $3x + 2y + 5 = 0$ के प्रतिच्छेदन से जाने वाली रेखा का समीकरण

$5x - 6y - 1 + k(3x + 2y + 5) = 0$ है (1)

इस रेखा का ढाल $\dfrac{-(5+3k)}{-6+2k}$ है

साथ ही रेखा $3x - 5y + 11 = 0$ का ढाल $\dfrac{3}{5}$ है।

क्योंकि दोनों रेखाएँ एक दूसरे पर लंब हैं

इसलिए $\dfrac{-(5+3k)}{-6+2k} \times \dfrac{3}{5} = -1$

या $k = 45$

इसलिए वांछित रेखा का समीकरण


$5x - 6y - 1 + 45\,(3x + 2y + 5) = 0$

या $5x + 3y + 8 = 0$ है।

**उदाहरण 10** बिंदु (1, 2) से आने वाली प्रकाश की किरण $x$-अक्ष पर बिंदु A से परावर्तित होने के पश्चात् बिंदु (5, 3) से गुजरती है। बिंदु A के निर्देशांक ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए आपतित किरण $x$-अक्ष के जिस बिंदु A से टकराती है उसके निर्देशांक $(x, 0)$ हैं। आकृति के अनुसार परावर्तित किरण का ढाल

$$\tan\theta = \frac{3}{5-x} \text{ हैं} \quad (1)$$




**आकृति 10.2**

साथ ही आपतित किरण का ढाल

$$\tan(\pi - \theta) = \frac{-2}{x-1} \quad \text{(क्यों?)}$$

या $$-\tan\theta = \frac{-2}{x-1} \qquad (2)$$


(1) तथा (2) को हल करने पर

$$\frac{3}{5-x} = \frac{2}{x-1} \quad \text{या} \quad x = \frac{13}{5}$$

अतः बिंदु A के वांछित निर्देशांक $\left(\frac{13}{5}, 0\right)$ हैं।

**उदाहरण 11** यदि किसी आयत का एक विकर्ण रेखा $8x - 15y = 0$ के साथ है और इसका एक शीर्ष (1, 2), पर है तो इस शीर्ष से जाने वाली आयत की भुजाओं के समीकरण ज्ञात कीजिए।

**हल** मान लीजिए कि ABCD दिया हुआ आयत है और (1, 2) शीर्ष D के निर्देशांक हैं। हम भुजा DC एवं AD का समीकरण ज्ञात करना चाहते हैं।




**आकृति 10.3**

दिया हुआ है कि BD रेखा $8x - 15y = 0$ के साथ स्थित है इसलिए इसका ढाल $\frac{8}{15}$ (क्यों)? BD द्वारा AD एवं AC के साथ निर्मित कोण 45° है (क्यों) मान लीजिए DC का ढाल $m$ है।

तब $$\tan 45^\circ = \frac{m - \frac{8}{15}}{1 + \frac{8m}{15}} \qquad \text{(क्यों?)}$$

या $$15 + 8m = 15m - 8$$

या $$7m = 23 \Rightarrow m = \frac{23}{7}$$

इसलिए भुजा DC का समीकरण

$$y - 2 = \frac{23}{7}(x - 1) \text{ या } 23x - 7y - 9 = 0 \text{ है।}$$

इसी प्रकार दूसरी भुजा AD का समीकरण

$$y - 2 = \frac{-7}{23}(x - 1) \text{ या } 7x + 23y - 53 = 0 \text{ है।}$$

## वस्तुनिष्ठीय प्रश्न

*उदाहरण संख्या 12 से 20 तक प्रत्येक के चार विकल्प हैं जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। सही विकल्प का चयन कीजिए।*

**उदाहरण 12** $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ रेखा $x - y + 3 = 0$ का झुकाव है:

(A) 45° (B) 135° (C) – 45° (D) –135°

**हल** (A) सही उत्तर है। दी हुई रेखा के समीकरण को पुन: $y = x + 3$ के रूप में लिखा जा सकता है;

$\Rightarrow \quad m = \tan\theta = 1$, इसलिए $\theta = 45°$.

**उदाहरण 13** दो रेखाएँ $ax + by = c$ एवं $a'x + b'y = c'$ एक दूसरे पर लंब हैं यदि

(A) $aa' + bb' = 0$ (B) $ab' = ba'$

(C) $ab + a'b' = 0$ (D) $ab' + ba' = 0$

**हल** सही उत्तर (A) है। रेखा $ax + by = c$ का ढाल $\frac{-a}{b}$ है और रेखा $a'x + b'y = c'$ का ढाल $\frac{-a'}{b'}$ है।

ये रेखाएँ एक दूसरे पर लम्ब हैं यदि $\left(\frac{-a}{b}\right)\left(\frac{-a'}{b'}\right) = -1$ या $aa' + bb' = 0$ (क्यों?)

**उदाहरण 14** बिंदु (1, 2) से गुजरने वाली एवं रेखा $x + y + 7 = 0$ पर लम्ब उस रेखा का समीकरण है:

(A) $y - x + 1 = 0$ (B) $y - x - 1 = 0$

(C) $y - x + 2 = 0$ (D) $y - x - 2 = 0$.

**हल:** सही उत्तर (B) है। मान लीजिए कि रेखा का ढाल $m$ है, तो बिंदु (1, 2) से गुजरने वाली रेखा का समीकरण

$$y - 2 = m(x - 1) \text{ होगा} \qquad (1)$$

साथ ही यह रेखा दी हुई रेखा $x + y + 7 = 0$ पर लंब है जिसका ढाल – 1 है (क्यों)

इसलिए हम $\qquad m(-1) = -1$

या $\qquad m = 1$ प्राप्त करते हैं

$m$ का मान समीकरण (1) में रखने पर वांछित रेखा का समीकरण

$$y - 2 = x - 1$$

या $y - x - 1 = 0$ प्राप्त होता है।

**उदाहरण 15** बिंदु P (1, – 3) की रेखा $2y - 3x = 4$ से दूरी है–

(A) 13 (B) $\frac{7}{13}\sqrt{13}$ (C) $\sqrt{13}$ (D) इनमें से कोई नहीं

**हल** सही उत्तर (A) है। बिंदु P (1, – 3) की रेखा $2y - 3x - 4 = 0$ से दूरी, बिंदु से रेखा पर खींचे गये लंब की लंबाई के समान है जो कि $\left|\frac{2(-3)-3-4}{\sqrt{13}}\right| = \sqrt{13}$ है।

**उदाहरण 16** बिंदु (2, 3) से रेखा $x + y - 11 = 0$ पर खींचे गये लंब के पाद बिंदु के निर्देशांक है:

(A) (–6, 5) (B) (5, 6) (C) (–5, 6) (D) (6, 5)

**हल** सही विकल्प (B) है। मान लीजिए बिंदु (2, 3) से रेखा $x + y - 11 = 0$ पर खींचे गये लंब के पाद बिंदु के निर्देशांक $(h, k)$ हैं। तब लंब रेखा का ढाल $\frac{k-3}{h-2}$ है। साथ ही दी हुई रेखा

$x + y - 11 = 0$ का ढाल $-1$ है। (क्यों?)

रेखाओं के परस्पर लंब होने की शर्त का उपयोग करने पर हम

$$\left(\frac{k-3}{h-2}\right)(-1) = -1 \qquad \text{(क्यों?)}$$

या $k - h = 1$ प्राप्त करते हैं। (1)

क्योंकि बिंदु $(h, k)$ दी हुई रेखा पर स्थित है

$$h + k - 11 = 0 \text{ अथवा } h + k = 11 \qquad (2)$$

(1) तथा (2) को हल करने पर हम $h = 5$ एवं $k = 6$ प्राप्त करते हैं। अत: लंब के पाद बिंदु के निर्देशांक (5, 6) हैं।

**उदाहरण 17** किसी रेखा द्वारा $y$-अक्ष पर काटा गया अंत:खंड, $x$-अक्ष पर काटे गये अंत: खंड से दोगुना है और यह रेखा बिंदु (1, 2) से जाती है। रेखा का समीकरण है:

© NCERT not to be republished

(A) $2x + y = 4$ (B) $2x + y + 4 = 0$

(C) $2x - y = 4$ (D) $2x - y + 4 = 0$

**हल** सही विकल्प (A) है। मान लीजिए कि रेखा $x$-अक्ष पर अंत:खंड $a$ काटती है, तो यह $y$- अक्ष पर अंत:खंड $2a$ बनाएगी। इसलिए रेखा का समीकरण

$$\frac{x}{a}+\frac{y}{2a}=1 \text{ है।}$$

यह बिंदु (1, 2) से जाती है इसलिए हम $\frac{1}{a}+\frac{2}{2a}=1$ या $a=2$ प्राप्त करते हैं।

अत: वांछित रेखा का समीकरण

$$\frac{x}{2}+\frac{y}{4}=1 \text{ या } 2x + y = 4 \text{ है।}$$

**उदाहरण 18** एक रेखा बिंदु P(1, 2) से इस प्रकार जाती है कि अक्षों के बीच इसका अंत:खंड P पर दो समान भागों में विभाजित होता है। रेखा का समीकरण है:

(A) $x + 2y = 5$ (B) $x - y + 1 = 0$

(C) $x + y - 3 = 0$ (D) $2x + y - 4 = 0$

**हल** सही विकल्प (D) है। हम जानते हैं कि $x$–अक्ष एवं $y$–अक्ष पर क्रमश: $a$ तथा $b$ अंत:खंड काटने वाली रेखा का समीकरण

$$\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1 \text{ है।}$$

यहाँ पर $$1=\frac{a+0}{2} \text{ एवं } 2=\frac{0+b}{2},$$ (क्यों)

जिससे हम $a = 2$ एवं $b = 4$ प्राप्त करते हैं। अत: रेखा का वांछित समीकरण

$$\frac{x}{2}+\frac{y}{4}=1 \text{ अथवा } 2x + y - 4 = 0 \text{ है।}$$

**उदाहरण 19** बिंदु (4, – 13) का रेखा $5x + y + 6 = 0$ के सापेक्ष में परावर्तित बिंदु है:

(A) (– 1, – 14) (B) (3, 4) (C) (0, 0) (D) (1, 2)

**हल** सही विकल्प (A) है। मान लीजिए बिंदु (4 –13) का रेखा $5x+y+6=0$ के सापेक्ष में परावर्तन $(h, k)$ है। बिंदुओं $(h, k)$ एवं (4, – 13) को मिलाने वाले रेखाखंड का मध्य बिंदु

$$\left(\frac{h+4}{2}, \frac{k-13}{2}\right) \text{ है}$$

यह बिंदु दी हुई रेखा पर स्थित है, इसलिए हम

$$5\left(\frac{h+4}{2}\right) + \frac{k-13}{2} + 6 = 0$$

या $5\,h + k + 19 = 0$ प्राप्त करते हैं। (1)

साथ ही बिंदुओं $(h, k)$ एवं $(4, -13)$ को मिलाने वाली रेखा का ढाल $\frac{k+13}{h-4}$ है। यह रेखा दी हुई रेखा पर लंब है। अतः $(-5)\left(\frac{k+3}{h-4}\right) = -1$ (क्यों?)

$$5k + 65 = h - 4$$

या $h - 5k - 69 = 0$ (2)

(1) तथा (2), को हल करने पर हम $h = -1$ एवं $k = -14$ प्राप्त करते हैं। इस प्रकार दिए हुए बिंदु का परावर्तन, बिंदु $(-1, -14)$ है।

**उदाहरण 20** एक बिंदु इस प्रकार भ्रमण करता है कि बिंदु (4, 0) से इसकी दूरी, रेखा $x = 16$ से इसकी दूरी का आधा है। बिंदु का बिन्दुपथ है–

(A) $3x^2 + 4y^2 = 192$ (B) $4x^2 + 3y^2 = 192$

(C) $x^2 + y^2 = 192$ (D) इनमें से कोई नहीं

**हल** सही विकल्प (A) है। मान लीजिए कि भ्रमण करने वाले बिंदु के निर्देशांक $(h, k)$ हैं।

तब हम $$\sqrt{(h-4)^2 + k^2} = \frac{1}{2}\left(\frac{h-16}{\sqrt{1^2+0}}\right)$$

प्राप्त करते हैं। (क्यों?)

$$(h - 4)^2 + k^2 = \frac{1}{4}(h - 16)^2$$

$$4(h^2 - 8h + 16 + k^2) = h^2 - 32h + 256$$

या $3h^2 + 4k^2 = 192$

अतः अभीष्ट बिंदुपथ $3x^2 + 4y^2 = 192$ है।

© NCERT not to be republished

## 10.3 प्रश्नावली

### लघु उत्तरीय प्रश्न (S.A.)

**1.** बिंदु (1, –2) से जाने वाली और अक्षों पर समान अंत:खंड काटने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**2.** बिंदु (5, 2) से जाने वाली एवं बिन्दु (2, 3) तथा (3, –1) को मिलाने वाली रेखा पर लंब, एक रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**3.** रेखा $y = (2-\sqrt{3})(x+5)$ एवं $y = (2+\sqrt{3})(x-7)$ के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।

**4.** एक रेखा द्वारा निर्देशांक अक्षों पर काटे गये अंत:खंडों का योग 14 है और यह बिंदु (3, 4) से जाता है। रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**5.** रेखा $x + y = 4$ पर ऐसे बिंदु ज्ञात कीजिए जो रेखा $4x + 3y = 10$ से 1 इकाई की दूरी पर स्थित है।

**6.** दर्शाइए कि रेखा $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ एवं $\frac{x}{a}-\frac{y}{b}=1$ के बीच के कोण की स्पर्शज्या (टैंजेंट) $\frac{2ab}{a^2-b^2}$ है।

**7.** बिंदु (1, 2) से जाने वाली एवं $y$-अक्ष के साथ 30° का कोण बनाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**8.** रेखा $2x + y = 5$ एवं $x + 3y + 8 = 0$ के प्रतिच्छेद बिंदु से जाने वाली और रेखा $3x + 4y = 7$ के समांतर सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**9.** $a$ तथा $b$ के किन मानों के लिए, रेखा $ax + by + 8 = 0$ द्वारा निर्देशांक अक्षों पर काटे गये अंत:खंड एवं रेखा $2x - 3y + 6 = 0$ द्वारा निर्देशांक अक्षों पर काटे गये अंत:खंड लंबाई में समान हैं परंतु चिह्नों में विपरीत हैं।

**10.** यदि निर्देशांक अक्षों के बीच किसी रेखा का अंत:खंड बिंदु (–5, 4) द्वारा 1 : 2 के अनुपात में विभाजित किया जाता है, तो रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**11.** एक ऐसी सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जिस पर मूल बिंदु से खींचे गये लंब की लंबाई 4 इकाई है और यह रेखा $x$-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ 120° का कोण बनाती है। [**संकेत**: लंब रूप का प्रयोग कीजिए, यहाँ $\omega = 30°$.]

**12.** किसी समद्विबाहु समकोण त्रिभुज की एक भुजा का समीकरण ज्ञात कीजिए यदि उसके कर्ण का समीकरण $3x + 4y = 4$ है और कर्ण के सम्मुख शीर्ष (2, 2) है।

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (S.A.)

**13.** यदि किसी समबाहु त्रिभुज के आधार का समीकरण $x + y = 2$ है और शीर्ष बिंदु (2, – 1) है, तो त्रिभुज की भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

© NCERT not to be republished

[**संकेत**: *बिंदु* (2, –1) *से रेखा पर खींचे गये लंब की लंबाई* ($p$) *ज्ञात कीजिए और* $p = l \sin 60°$ *का प्रयोग कीजिए जिसमें* $l$ *त्रिभुज की भुजा की लंबाई है* ]

**14.** एक चर रेखा किसी निश्चित बिंदु P से जाती है। बिंदुओं (2, 0), (0, 2) एवं (1, 1) से रेखा पर खींचे गये लंबों का बीजीय योग शून्य है। बिंदु P के निर्देशांक ज्ञात कीजिए।

[**संकेत:** मान लीजिए रेखा का ढाल $m$ है। तब निर्धारित बिंदु P $(x_1, y_1)$ से जाने वाली रेखा का समीकरण $y - y_1 = m (x - x_1)$ है। लम्ब दूरियों के बीजीय योग कों शून्य के बराबर लेते हुए, हम $y - 1 = m (x - 1)$ प्राप्त करते हैं, अत: $(x_1, y_1) = (1, 1)$]

**15.** बिंदु (1, 2) से जाने वाली एक रेखा को किस दिशा में खींचा जाए ताकि रेखा $x + y = 4$ के साथ इसका प्रतिच्छेद बिंदु दिए हुए बिंदु से $\frac{\sqrt{6}}{3}$ की दूरी पर रहे।

**16.** एक सरल रेखा इस प्रकार घूमती है कि अक्षों पर इसके द्वारा काटे गये अंत:खंडों के व्युत्क्रमों का योग हमेंशा अचर है। दर्शाइए कि यह रेखा निर्धारित बिंदु से जाती है।

[**संकेत:** $\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ जहाँ $\frac{1}{a} + \frac{1}{b} =$ अचर $= \frac{1}{k}$ (मान लीजिए) $\Rightarrow \frac{k}{a} + \frac{k}{b} = 1$ रेखा एक निर्धारित बिंदु $(k, k)$ से जाती है।]

**17.** एक रेखा बिंदु (–4, 3) से जाती है और अक्षों के बीच अंत:खंडित रेखा दिये हुए बिंदु द्वारा 5 : 3 के अनुपात में अंत: विभाजित होता है। रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

**18.** रेखा $x - y + 1 = 0$ एवं $2x - 3y + 5 = 0$ के प्रतिच्छेद बिंदु से जाने वाली ऐसी रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिंदु (3, 2) से $\frac{7}{5}$ की दूरी पर है।

**19.** यदि किसी तल में भ्रमण करने वाले एक बिंदु की अक्षों से दूरियों का योग 1 है, तो उस बिंदु का बिंदु पथ ज्ञात कीजिए।

[**संकेत:** दिया हुआ है, $|x| + |y| = 1$, जिससे वर्ग की चार भुजाएँ प्राप्त होती हैं]

**20.** दो रेखाएँ $y - \sqrt{3}\,|x| = 2$ के प्रतिच्छेद बिंदु से 5 इकाई की दूरी पर रेखाओं पर बिंदु क्रमश: $P_1, P_2$ स्थित हैं। $P_1, P_2$ से दी हुई रेखाओं के (बीच के) कोण का समद्विभाजक पर खींचे गये लंबों के पाद बिंदुओं के निर्देशांक ज्ञात कीजिए।

[**संकेत:** $x \geq 0$ अथवा $x < 0$ के अनुसार रेखाएँ $y = \sqrt{3}\,x + 2$ एव $y = -\sqrt{3}\,x + 2$ हैं। इन रेखाओं के बीच $y$-अक्ष कोण समद्विभाजक है। इन रेखाओं के प्रतिच्छेद बिंदु से 5 इकाई की दूरी पर स्थित बिंदुओं $P_1, P_2$ से $y$-अक्ष पर खींचे गये लंबों के पाद बिंदु एक उभयनिष्ठ बिंदु के रूप में हैं। लंब के पाद बिंदु का $y$ निर्देशांक $2 + 5 \cos 30°$ है।]

**21.** यदि मूल बिंदु से रेखा $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ पर खींचे गये लंब की लंबाई P है और $a^2, p^2, b^2$ समांतर श्रेणी में है तो दर्शाइए कि $a^4 + b^4 = 0$.

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*प्रश्न संख्या 22 से 41 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए हुए चार विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :*

**22.** एक रेखा $y$-अक्ष से $-3$ अंत:खंड काटती है और $x$-अक्ष के साथ बनाये गये कोण की स्पर्शज्या (टेजेंट) $\frac{3}{5}$ है, रेखा का समीकरण है:

(A) $5y - 3x + 15 = 0$ (B) $3y - 5x + 15 = 0$

(C) $5y - 3x - 15 = 0$ (D) इनमें से कोई नहीं

**23.** एक रेखा अक्षों पर समान अंत:खंड काटती है तब उस रेखा का ढाल है:

(A) $-1$ (B) 0 (C) 2 (D) $\sqrt{3}$

**24.** बिंदु (3, 2) से जाने वाली एवं रेखा $y = x$ पर लंब एक सरल रेखा का समीकरण है:

(A) $x - y = 5$ (B) $x + y = 5$ (C) $x + y = 1$ (D) $x - y = 1$

**25.** बिंदु (1, 2) से जाने वाली एवं रेखा $y + x + 1 = 0$ पर लंब एक सरल रेखा का समीकरण है:

(A) $y - x + 1 = 0$ (B) $y - x - 1 = 0$

(C) $y - x + 2 = 0$ (D) $y - x - 2 = 0$

**26.** दो रेखाओं के अक्षों पर अंत:खंड क्रमश: $a, -b$ एवं $b, -a$, हैं। रेखाओं के बीच के कोण की स्पर्शज्या (टेंजेंट) है:

(A) $\frac{a^2-b^2}{ab}$ (B) $\frac{b^2-a^2}{2}$

(C) $\frac{b^2-a^2}{2ab}$ (D) इनमें से कोई नहीं

**27.** यदि रेखा, $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$, बिन्दुओं (2, –3) एवं (4, –5), से गुजरती है, तो $(a, b)$ का मान है:

(A) (1, 1) (B) (– 1, 1) (C) (1, – 1) (D) (– 1, –1)

© NCERT not to be republished

**28.** रेखाओं $2x-3y+5=0$ एवं $3x+4y=0$ के प्रतिच्छेद बिंदु का रेखा $5x-2y=0$ से दूरी है–

(A) $\frac{130}{17\sqrt{29}}$ (B) $\frac{13}{7\sqrt{29}}$ (C) $\frac{130}{7}$ (D) इनमें से कोई नहीं।

**29.** रेखा $\sqrt{3}\ x+y=1$ के साथ $60^o$ पर झुकी हुई एवं बिंदु (3, –2) से जाने वाली रेखाओं के समीकरण हैं:

(A) $y+2=0,\ \sqrt{3}x-y-2-3\sqrt{3}=0$

(B) $x-2=0,\ \sqrt{3}\ x-y+2+3\sqrt{3}=0$

(C) $\sqrt{3}\ x-y-2-3\sqrt{3}=0$

(D) इनमें से कोई नहीं।

**30.** बिंदु (1, 0) से जाने वाली एवं मूल बिंदु से $\frac{\sqrt{3}}{2}$ की दूरी पर स्थित रेखाओं के समीकरण हैं:

(A) $\sqrt{3}x+y-\sqrt{3}=0,\ \sqrt{3}x-y-\sqrt{3}=0$

(B) $\sqrt{3}x+y+\sqrt{3}=0,\ \sqrt{3}x-y+\sqrt{3}=0$

(C) $x+\sqrt{3}\ y-\sqrt{3}=0,\ x-\sqrt{3}\ y-\sqrt{3}=0$

(D) इनमें से कोई नहीं।

**31.** रेखाओं $y=mx+c_1$ एवं $y=mx+c_2$ के बीच की दूरी है–

(A) $\frac{c_1-c_2}{\sqrt{m^2+1}}$ (B) $\frac{|c_1-c_2|}{\sqrt{1+m^2}}$ (C) $\frac{c_2-c_1}{\sqrt{1+m^2}}$ (D) 0

**32.** बिंदु (2, 3) से रेखा $y=3x+4$ पर खींचे गये लंब के पाद बिंदु के निर्देशांक हैं:

(A) $\left(\frac{37}{10},\frac{-1}{10}\right)$ (B) $\left(\frac{-1}{10},\frac{37}{10}\right)$ (C) $\left(\frac{10}{37},-10\right)$ (D) $\left(\frac{2}{3},-\frac{1}{3}\right)$

**33.** यदि अक्षों के बीच अंत:खंडित किसी रेखा के भाग का मध्य बिंदु (3,2) है, तो रेखा का समीकरण होगा:

(A) $2x+3y=12$ (B) $3x+2y=12$ (C) $4x-3y=6$ (D) $5x-2y=10$

**34.** बिंदु (1, 2) से जाने वाली एवं रेखा $y=3x-1$ के समांतर रेखा का समीकरण है:

(A) $y+2=x+1$ (B) $y+2=3(x+1)$

(C) $y-2=3(x-1)$ (D) $y-2=x-1$

© NCERT not to be republished

**35.** रेखाओं $x = 0, y = 0, x = 1$ एवं $y = 1$ द्वारा निर्मित वर्ग के विकर्णों के समीकरण हैं:

(A) $y = x;\ \ y + x = 1$ (B) $y = x;$s $x + y = 2$

(C) $2y = x;$s $y + x = \frac{1}{3}$ (D) $y = 2x;$s $y + 2x = 1$

**36.** एक सरल रेखा को निर्धारित करने के लिए कितने ज्यामितीय प्राचलों की आवश्यकता होती है:

(A) 1 (B) 2 (C) 4 (D) 3

**37.** बिंदु (4, 1) क्रमागत रूप से निम्नलिखित दो रूपांतरणों में से गुजरता है:

(i) रेखा $y = x$ पर परावर्तन

(ii) धनात्मक $x$-अक्ष के साथ 2 इकाई का स्थानांतरण तब बिंदु के अंतिम निर्देशांक हैं:

(A) (4, 3) (B) (3, 4) (C) (1, 4) (D) $\left(\frac{7}{2}, \frac{7}{2}\right)$

**38.** रेखाओं $4x + 3y + 10 = 0$, $5x - 12y + 26 = 0$ एवं $7x + 24y - 50 = 0$ से समदूरस्थ एक बिंदु के निर्देशांक हैं:

(A) (1, –1) (B) (1, 1) (C) (0, 0) (D) (0, 1)

**39.** एक रेखा बिंदु (2, 2) से जाती है और रेखा $3x + y = 3$ पर लंब है। रेखा का $y$-अंत: खंड है:

(A) $\frac{1}{3}$ (B) $\frac{2}{3}$ (C) 1 (D) $\frac{4}{3}$

**40.** रेखाओं $3x + 4y + 2 = 0$ एवं $3x + 4y + 5 = 0$ के बीच की दूरी को, रेखा $3x + 4y - 5 = 0$ निम्नलिखित में से किस अनुपात में बाँटती हैं:

(A) 1 : 2 (B) 3 : 7 (C) 2 : 3 (D) 2 : 5

**41.** एक समबाहु त्रिभुज का केंद्रक मूल बिंदु है और एक भुजा का समीकरण $x + y - 2 = 0$ है। उस त्रिभुज का एक शीर्ष है:

(A) (–1, –1) (B) (2, 2) (C) (–2, –2) (D) (2, –2)

[**संकेत:** *मान लीजिए कि* ABC समबाहु त्रिभुज है जिसका शीर्ष A $(m, k)$ है और D $(\alpha, \beta)$, भुजा BC पर स्थित एक बिंदु है। तब $\frac{2\alpha + h}{3} = 0 = \frac{2\beta + k}{3}$ साथ ही, $\alpha + \beta - 2 = 0$ एवं $\left(\frac{k-0}{h-0}\right) \times (-1) = -1$]

*प्रश्न संख्या 42 से 47 में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :*

**42.** यदि $a, b, c$ समांतर श्रेणी में हैं, तो सरल रेखा $ax + by + c = 0$ हमेंशा ________ से जायेगी।

**43.** बिंदु $(1, -2)$ से जाने वाली एवं अक्षों से समान अंत:खंड काटने वाली रेखा का समीकरण ________ है।

**44.** बिंदु $(3, 2)$ से जाने वाली और रेखा $x - 2y = 3$ के साथ $45°$ का कोण बनाने वाली रेखाओं के समीकरण ________ हैं।

**45.** बिंदु $(3, 4)$ एवं $(2, -6)$ रेखा $3x - 4y - 8 = 0$ के ________ पर स्थित है।

**46.** एक बिंदु इस प्रकार भ्रमण करता है कि बिंदु $(2, -2)$ से इसकी दूरी का वर्ग, संख्यात्मक रूप में, रेखा $5x - 12y = 3$ से उसकी दूरी, के समान है। उसके बिंदु पथ का समीकरण ________ है।

**47.** अक्षों के बीच अंत:खंडित रेखा $x \sin \theta + y \cos \theta = p$ के मध्य बिंदु का बिंदु पथ ________ है।

*बताईए कि प्रश्न संख्या 48 से 56 तक दिये हुए कथन सत्य हैं अथवा असत्य। उत्तर की पुष्टि कीजिए–*

**48.** यदि किसी त्रिभुज के शीर्षों के निर्देशांक पूर्णांक हैं तो त्रिभुज समबाहु नहीं हो सकता।

**49.** बिंदु A $(-2, 1)$, B $(0, 5)$, C $(-1, 2)$ संरेख हैं।

**50.** बिंदु $(a \cos^3\theta, a \sin^3\theta)$ से जाने वाली एवं सरल रेखा $x \sec \theta + y \operatorname{cosec} \theta = a$ पर लंब रेखा का समीकरण $x \cos \theta - y \sin \theta = a \sin 2\theta$ है।

**51.** सरल रेखा $5x + 4y = 0$, सरल रेखाओं $x + 2y - 10 = 0$ एवं $2x + y + 5 = 0$ के प्रतिच्छेद बिंदु से जाती है।

**52.** एक समबाहु त्रिभुज का शीर्ष $(2, 3)$ है और शीर्ष के सम्मुख भुजा का समीकरण $x + y = 2$ है, तो त्रिभुज की शेष दो भुजाएँ $y - 3 = (2 \pm \sqrt{3})(x - 2)$ हैं।

**53.** बिंदु $(3, 5)$ को, रेखा $4x + y - 1 = 0$ एवं $7x - 3y - 35 = 0$ के प्रतिच्छेद बिंदु से, मिलाने वाली रेखा का समीकरण बिंदु $(0, 0)$ एवं बिन्दु $(8, 34)$ से समदूरस्थ हैं।

**54.** रेखा $\frac{x}{a} + \frac{y}{b}$ इस प्रकार भ्रमण करती है कि $\frac{1}{a^2} + \frac{1}{b^2} = \frac{1}{c^2}$, जहाँ $c$ अचर है। मूल बिंदु से रेखा पर खींचे गये लंब के पाद बिंदु का बिंदुपथ $x^2 + y^2 = c^2$ है।

**55.** यदि $a, b, c$ गुणोत्तर श्रेणी में है, तो रेखायें $ax + 2y + 1 = 0$, $bx + 3y + 1 = 0$ एवं $cx + 4y + 1 = 0$ संगामी हैं।

**56.** बिंदुओं (3, –4) एवं (–2, 6) को मिलाने वाली रेखा, बिंदुओं (–3, 6) एवं (9, –18) को मिलाने वाली रेखा पर लंब है।

*प्रश्न संख्या 57 से 59 तक स्तंभ $C_1$ के अंतर्गत दिए हुए प्रश्न स्तंभ $C_2$ के अंतर्गत दिए हुए उचित उत्तर के साथ मिलान कीजिए –*

**57.**

| स्तंभ $C_1$ | स्तंभ $C_2$ |
|---|---|
| (a) बिंदु P एवं Q, रेखा $x + 5y = 13$ पर स्थित हैं और रेखा $12x - 5y + 26 = 0$ से 2 इकाई की दूरी पर स्थित हैं। P एवं Q के निर्देशांक हैं: | (i) (3, 1), (–7, 11) |
| (b) रेखा $4x + 3y - 10 = 0$ से एक इकाई की दूरी पर रेखा $x + y = 4$ पर स्थित बिंदु के निर्देशांक हैं: | (ii) $\left(-\frac{1}{3}, \frac{11}{3}\right), \left(\frac{4}{3}, \frac{7}{3}\right)$ |
| (c) यदि AP = PQ = QB तो A(–2, 5) एवं B (3, 1) को मिलाने वाली रेखा पर स्थित बिंदु P एवं Q के निर्देशांक हैं: | (iii) $\left(1, \frac{12}{5}\right), \left(-3, \frac{16}{5}\right)$ |

**58.** यदि रेखाएँ $(2x + 3y + 4) + \lambda\,(6x - y + 12) = 0$ निम्नलिखित प्रतिबंधों को संतुष्ट करती हैं तो λ का मान हैं

| स्तंभ $C_1$ | स्तंभ $C_2$ |
|---|---|
| (a) $y$-अक्ष के समांतर है। | (i) $\lambda = -\frac{3}{4}$ |
| (b) $7x + y - 4 = 0$ पर लंब है। | (ii) $\lambda = -\frac{1}{3}$ |
| (c) (1, 2) से जाती है। | (iii) $\lambda = -\frac{17}{41}$ |
| (d) $x$-अक्ष के समांतर है। | (iv) $\lambda = 3$ |

**59.** रेखायें $2x - 3y = 0$ एवं $4x - 5y = 2$ कें प्रतिच्छेद बिंदु से जाने वाली तथा निम्नलिखित प्रतिबंध को संतुष्ट करने वाली रेखा का समीकरण है।

| स्तंभ $C_1$ | स्तंभ $C_2$ |
|---|---|
| (a) बिंदु (2, 1) से जाने वाली | (i) $2x - y = 4$ |
| (b) रेखा $x + 2y + 1 = 0$ पर लंब है | (ii) $x + y - 5 = 0$ |
| (c) रेखा $3x - 4y + 5 = 0$ के समांतर है | (iii) $x - y - 1 = 0$ |
| (d) अक्षों पर समान रूप से झुकी हुई है | (iv) $3x - 4y - 1 = 0$ |

© NCERT not to be republished